श मं0 पा0 राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ।

पुरातन छात्रा सम्मेलन फीडबैक एनालिसिस

सत्र 2020–21

महाविद्यालय में गठित पुरातन छात्रा संघ द्वारा समय–समय पर पुरातन छात्रा सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं जिनमें महाविद्यालय की प्रगति और उत्थान, वर्तमान छात्राओं को सुविधाएं मुहैया कराने तथा उनकी समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से पुरातन छात्राओं से फीडबैक लिया जाता है। पुरातन छात्रा प्रभारी डॉ0 सुधारानी सिंह, डी0 लिट्0 द्वारा छात्राओं से लिए गए फीडबैक में बुनियादी सुविधाओं, कार्यक्रमों, गतिविधियों और शिक्षण एवं प्रशासनिक सहयोग के विविध मुद्दों पर छात्राओं की प्रतिक्रिया एकत्र की गई जिसके परिणाम निम्नवत हैं।

महत्व	**मानक–1** (मूलभूत सुविधाएं) औसत %	**मानक–2** (कार्यक्रम और गतिविधियां) औसत %	**मानक–3** (शिक्षण और सीखना) औसत %	**मानक–4** (प्रशासनिक सहयोग) औसत %
उत्कृष्ट	65	89	94.5	74.5
अच्छा	30	11	05.5	20.5
खराब	05	00	00	05
कुल	100	100	100	100

उपरोक्त तथ्यों से ज्ञात होता है कि पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, कैंटीन सुविधा, नए कोर्स लागू किए जाने तथा विज्ञान प्रयोगशालाओं में उपकरणों की उपलब्धता आदि बुनियादी सुविधाओं के कुछ मुद्दों को छोड़कर अधिकतर छात्राएं संतुष्ट हैं।

कार्यवाही की आख्या

पुरातन छात्राओं द्वारा दिये गए सुझाव :

1– छात्राओं के सुझावों के अनुसार महाविद्यालय में समुचित पेयजल व्यवस्था होनी चाहिए।

2– कैंटीन व्यवस्था होनी चाहिए।

3– महाविद्यालय में नए कोर्स लागू किए जाने चाहिए।

4– महाविद्यालय में पर्याप्त साफ–सफाई होनी चाहिए।

5– प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाएं संचालित की जानी चाहिए।

कृत कार्यवाही :

1–महाविद्यालय में प्राचार्य महोदय द्वारा पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।

2–कोविड–19 के चलते तथा छात्राओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए कैंटीन बंद कर कर दी गई थी जिसे शीघ्र ही पुनः प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

3–महाविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित सभी पाठ्यक्रमों के साथ–साथ जैविक खेती, हेरिटेज गाइड, व्यक्तित्व विकास, खुदरा प्रबंधन, मीडिया और रिपोर्ट लेखन आदि जैसे नए कोर्स भी लागू किए गए हैं।

4–प्राचार्य महोदया द्वारा दो सफाई कर्मी रखे गए हैं। जो महाविद्यालय में पर्याप्त साफ–सफाई करते हैं।

5–महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए उपचारात्मक कक्षाएं चलाई जाती हैं।